major items which have been computerised. So far Madras Port Trust have spent Rs. 228·00 lakhs for software and consultancy.

## राजस्थान में सड़कें

2240. **श्री शिव चरण सिंह :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केंद्रीय सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान सडकों के विकास पर खर्च की गई राशि का वर्षवार तथा राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि राजस्थान का एक बड़ा क्षेत्र पर्याप्त रुप से सड़कों से नहीं जुड़ा हुआ है;

(ग) यदि हां तो इस संबंध में राजस्थान को इस वर्ष कितनी धनराशि आवंटित की गई है ; और

(घ) क्या सरकार विभिन्न राज्यों में सड़कों की किलोमीटर में लम्बाई के संबंध में व्याप्त असमानता को दूर करने हेतु कोई उपाय करने का विचार रखती है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) :** (क) से (घ) संवैधानिक तौर पर भारत सरकार मूलतः राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित सड़कों के लिए ही जिम्मेदार है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को पर्याप्त सेवा प्रदान करने के लिए, राष्ट्रीय राजमार्गों को छोड़कर अन्य सभी सड़कों के विकास के लिए अनिवार्य रूप से संबंधित राज्य सरकारें ही जिम्मेदार हैं। जहां तक राष्ट्रीय राजमार्गों का संबंध है, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में उनका विकास एक सतत कार्य है जो राष्ट्रीय राजमार्गों की वर्तमान स्थिति, यातायात सघनता, अखिल भारतीय आधार पर पारस्परिक प्राथमिकता तथा इस प्रयोजन के लिए उपलब्ध कुल धनराशि को ध्यान में रख कर किया जाता है। गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए दी गई धनराशि को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है। **(नीचे देखिए)**। चालू वित्त वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय राजमार्गों पर विकास कार्यों के लिए राजस्थान सरकार को अनन्तिम तौर पर 2430 लाख रु० की राशि आवंटित की गई है।

### विवरण

(लाख रु.)

| राज्य का नाम | 1989-90 | 1990-91 | 1991-92 |
|---|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश . . . | 2000.00 | 2200.00 | 2455.00 |
| अरुणाचल प्रदेश. . . | 20.00 | 25.00 | 48.00 |
| आसाम . . . | 1100.00 | 1150.00 | 1225.00 |
| बिहार . . . | 700.00 | 800.00 | 1142.00 |
| चंडीगढ़ . . . | 30.00 | 50.00 | 28.00 |
| दिल्ली . . . | 375.00 | 350.00 | 550.00 |
| गोवा . . . | 950.00 | 700.00 | 930.00 |

| राज्य का नाम | 1989–90 | 1990–91 | 1991–92 |
|---|---|---|---|
| गुजरात . . . | 3200.00 | 3250.00 | 4770.00 |
| हरियाणा . . . | 477.00 | 1250.00 | 1060.00 |
| हिमाचल प्रदेश . . | 1145.00 | 1125.00 | 1140.00 |
| जम्मू और कश्मीर . . | 395.00 | 300.00 | 50.00 |
| कर्नाटक . . . | 1800.00 | 1800.00 | 1775.00 |
| केरल . . . | 1600.00 | 1300.00 | 1120.00 |
| मध्य प्रदेश . . . | 1850.00 | 1850.00 | 1850.00 |
| महाराष्ट्र . . . | 2006.00 | 2750.00 | 3358.00 |
| मणीपुर . . . | 300.00 | 300.00 | 250.00 |
| मेघालय . . . | 400.00 | 300.00 | 450.00 |
| नागालैंड . . . | 100.00 | 50.00 | 48.00 |
| उडीसा . . . | 1275.00 | 1050.00 | 1384.00 |
| पांडिचेरी . . . | 50.00 | 150.00 | 120.00 |
| पंजाब . . . | 2545.00 | 2900.00 | 2850.00 |
| राजस्थान . . . | 1817.00 | 1700.00 | 1800.00 |
| तमिलनाडु . . . | 2000.00 | 1375.00 | 1422.00 |
| उत्तर प्रदेश . . . | 5550.00 | 6500.00 | 6025.00 |
| पश्चिम बंगाल . . | 928.00 | 500.00 | 1634.00 |
| योग : | 32558.00 | 33725.00 | 37484.00 |

**Capacity utilisation of Hindustan Shiyard Limited**

2241. DR. NARREDDY THULASI REDDY : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) what was the percentage of capacity utilisation of the Hindustan Shipyard Limited during 1991-92 ;

(b) the loss incurred by the Shipyard during the above period ;

(c) what are the reasons for the losses ; and

(d) what are the measures proposed to be taken to make the Shipyard a viable unit ?